**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 27 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल कहा कि गैर कानूनी तरीकों के माध्यम से युवाओं को विदेश भेजने वाले 102 ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है।उन्होंने कहा कि अब तक 127 मामले दर्ज किए गए है। आठ ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है।मुख्यमंत्री विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान लाये गए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों के पंजीकरण और विनियमन बारे विधेयक पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे।
उन्होंने कहा कि ट्रेवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने और उनकी अवैध गतिविधियों की जांच और उन पर अंकुश लगाने सहित युवाओं को उनके शोषण से बचाने के लिए यह विधेयक लाया गया है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के ऐतराज पर कहा

मुख्यमंत्री ने सदन को अवगत कराया कि इस विधेयक में मानव तस्करी को लेकर भी प्रावधान किया गया है। अगर कोई मानव तस्करी करने में संलिप्त पाया जाता है तो दोषी को 7 से 10 वर्ष के कारावास की सजा का प्रावधान भी शामिल है। सदन द्वारा यह विधेयक पारित कर दिया गया।

*************************************************************************

कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा तीर्थ पर आज चैत्र चौदस का मेला शुरू हो गया। मेले का शुभारंभ पिहोवा उपमंडल अधिकारी कपिल शर्मा ने किया। इस मौके पर पिहोवा नगर पालिका के प्रधान आशीष चक्रपाणि भी मौजूद रहे।

श्री कपिल शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बताया।

चैत्र चौदस मेला हर वर्ष आयोजित किया जाता है जो चैत्र मास की चतुर्दशी तिथि को आरंभ होता है और अमावस्या को इसका समापन होता है। मेले में देश विदेश के लोग पिंडदान के लिए आते हैं।

*************************************************************************

महेंद्रगढ़ से अटेली तक की सड़क को चौड़ा व मजबूत करने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कल सदन में विधायक कँवर सिंह द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस सड़क के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ऋण योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड से 36 करोड़ 77 लाख रूपये से अधिक के ऋण की स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। ऋण की स्वीकृति के बाद सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।श्री गंगवा ने बवानिया से सुन्दरह सड़क के सुधारीकरण से संबंधित एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि वर्क प्रोग्राम 2025-26 के अंतर्गत इस सड़क का सुधारीकरण किया जाना प्रस्तावित है। और यह कार्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।

*************************************************************************

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भिवानी रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयन करने पर केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर उनका आभार व्यक्त किया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि इससे भिवानी तथा आसपास के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इससे रोजगार

के अवसर भी बढ़ेंगे और परिवहन के साथ-साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे में भी विकास होगा।राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्रालय को रेलवे स्टेशन के विकास और आमजन के हित के लिए कुछ सुझाव भी दिए हैं।

************************************************************************

भारत, श्रीलंका को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश बन गया है। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश ने पिछले वर्ष 25 करोड़ 50 लाख किलोग्राम चाय का निर्यात किया।भारत का चाय निर्यात 2024 में 10 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया और यह 2023 की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।भारत के असम, दार्जिलिंग और नीलगिरी की चाय सबसे बेहतरीन मानी जाती है। यहां से काली चाय का निर्यात सबसे अधिक होता है।